श्री बजरंग बाण

Shri Bajrang Baan

Source: Gujarati Wikisource — Bajrang Baan, permanent revision 208116 (CC BY-SA). Also compared: Creative Commons Attribution-ShareAlike license; Wikimedia Commons — Dohavali and Anya pado source scan, pages 90–91 (CC BY 4.0); The Legendary Glory of Hanuman — bilingual comparison witness (research only; wording not reused); Hindi Shabdasagar — जमकातर lexical entry; Hindi Shabdasagar — परमपद lexical entry; Hindi Shabdasagar — घालक lexical entry; Hindi Shabdasagar — मारि lexical entry; Hindi Shabdasagar — मर lexical entry; Sanskrit Documents — Bajrang Baan (research comparison only; no text reused); Internet Archive — Kalyan, June 1964 (Gita Press), scan leaf 473 / printed page १००१: Bajrang Baan in the article अद्भुत चमत्कारी बजरंग-बाण, with an editor's note that the text was corrected against several copies (dated comparison witness only).

OPENING DOHA 1

निश्चय प्रेम प्रतीति ते, बिनय करैं सनमान।
तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्ध करैं हनुमान॥

Nishchay prem prateeti te, binay karain sanmaan |
Tehi ke kaaraj sakal shubh, siddh karain Hanumaan ||

VERSE 1

जय हनुमंत संत हितकारी, सुन लीजै प्रभु अरज हमारी।
जन के काज बिलंब न कीजै, आतुर दौरि महा सुख दीजै॥

Jai Hanumant sant hitkaari, sun leejai Prabhu araj hamaari |
Jan ke kaaj bilamb na keejai, aatur dauri mahaa sukh deejai ||

VERSE 2

जैसे कूदि सिंधु महिपारा, सुरसा बदन पैठि बिस्तारा।
आगे जाय लंकिनी रोका, मारेहु लात गई सुरलोका॥

Jaise koodi sindhu mahipaara, Surasaa badan paithi bistaara |
Aage jaay Lankini rokaa, maarehu laat gayi surlokaa ||

VERSE 3

जाय बिभीषन को सुख दीन्हा, सीता निरखि परमपद लीन्हा।
बाग उजारि सिंधु महँ बोरा, अति आतुर जमकातर तोरा॥

Jaay Bibheeshan ko sukh deenhaa, Seeta nirakhi parampad leenhaa |
Baag ujaari sindhu mahan boraa, ati aatur jamkaatar toraa ||

VERSE 4

अक्षय कुमार मारि संहारा, लूम लपेटि लंक को जारा।
लाह समान लंक जरि गई, जय जय धुनि सुरपुर नभ भई॥

Akshay Kumar maari sanhaara, loom lapeti Lank ko jaaraa |
Laah samaan Lank jari gayi, jai jai dhuni surpur nabh bhayi ||

VERSE 5

अब बिलंब केहि कारन स्वामी, कृपा करहु उर अंतरयामी।
जय जय लखन प्रान के दाता, आतुर ह्वै दुख करहु निपाता॥

Ab bilamb kehi kaaran Swaami, kripa karahu ur antaryaami |
Jai jai Lakhan praan ke daataa, aatur hvai dukh karahu nipaata ||

VERSE 6

जै हनुमान जयति बल-सागर, सुर-समूह-समरथ भट-नागर।
ॐ हनु हनु हनु हनुमंत हठीले, बैरिहि मारु बज्र की कीले॥

Jai Hanumaan jayati bal-saagar, sur-samooh-samarath bhat-naagar |
Om hanu hanu hanu Hanumant hatheele, bairihi maaru bajra kee keele ||

VERSE 7

ॐ ह्नीं ह्नीं ह्नीं हनुमंत कपीसा, ॐ हुं हुं हुं हनु अरि उर सीसा।
जय अंजनि कुमार बलवंता, शंकरसुवन बीर हनुमंता॥

Om hneen hneen hneen Hanumant Kapeesa, Om hum hum hum hanu ari ur seesaa |
Jai Anjani Kumar balvantaa, Shankarsuvan beer Hanumantaa ||

VERSE 8

बदन कराल काल-कुल-घालक, राम सहाय सदा प्रतिपालक।
भूत, प्रेत, पिसाच निसाचर, अगिन बेताल काल मारी मर॥

Badan karaal kaal-kul-ghaalak, Raam sahaay sada pratipaalak |
Bhoot, pret, pisaach nisaachar, agin betaal kaal maari mar ||

VERSE 9

इन्हें मारु, तोहि सपथ राम की, राखु नाथ मरजाद नाम की।
सत्य होहु हरि सपथ पाइ कै, राम दूत धरु मारु धाइ कै॥

Inhen maaru, tohi sapath Raam kee, raakhu Naath marjaad naam kee |
Satya hohu Hari sapath paai kai, Raam doot dharu maaru dhaai kai ||

VERSE 10

जय जय जय हनुमंत अगाधा, दुख पावत जन केहि अपराधा।
पूजा जप तप नेम अचारा, नहिं जानत कछु दास तुम्हारा॥

Jai jai jai Hanumant agaadha, dukh paavat jan kehi aparaadha |
Pooja jap tap nem achaara, nahin jaanat kachhu daas tumhaara ||

VERSE 11

बन उपबन मग गिरि गृह माहीं, तुम्हरे बल हौं डरपत नाहीं।
जनकसुता हरि दास कहावौ, ताकी सपथ बिलंब न लावौ॥

Ban upban mag giri grih maaheen, tumhare bal haun darpat naaheen |
Janaksutaa Hari daas kahaavau, taakee sapath bilamb na laavau ||

VERSE 12

जै जै जै धुनि होत अकासा, सुमिरत होय दुसह दुख नासा।
चरन पकरि, कर जोरि मनावौं, यहि औसर अब केहि गोहरावौं॥

Jai jai jai dhuni hot akaasaa, sumirat hoy dusah dukh naasaa |
Charan pakari, kar jori manaavaun, yahi ausar ab kehi goharaavaun ||

VERSE 13

उठु, उठु, चलु, तोहि राम दुहाई, पायँ परौं, कर जोरि मनाई।
ॐ चं चं चं चं चपल चलंता, ॐ हनु हनु हनु हनु हनुमंता॥

Uthu, uthu, chalu, tohi Raam duhaai, paayan paraun, kar jori manaai |
Om cham cham cham cham chapal chalantaa, Om hanu hanu hanu hanu Hanumantaa ||

VERSE 14

ॐ हं हं हाँक देत कपि चंचल, ॐ सं सं सहमि पराने खल-दल।
अपने जन को तुरत उबारौ, सुमिरत होय आनंद हमारौ॥

Om ham ham haank det kapi chanchal, Om sam sam sahami paraane khal-dal |
Apne jan ko turat ubaarau, sumirat hoy aanand hamaarau ||

VERSE 15

यह बजरंग-बाण जेहि मारै, ताहि कहौ फिरि कवन उबारै।
पाठ करै बजरंग-बाण की, हनुमत रक्षा करै प्रान की॥

Yah Bajrang-Baan jehi maarai, taahi kahau phiri kavan ubaarai |
Paath karai Bajrang-Baan kee, Hanumat raksha karai praan kee ||

VERSE 16

यह बजरंग बाण जो जापैं, तासों भूत-प्रेत सब कापैं।
धूप देय जो जपै हमेसा, ताके तन नहिं रहै कलेसा॥

Yah Bajrang Baan jo jaapain, taason bhoot-pret sab kaapain |
Dhoop dey jo japai hamesaa, taake tan nahin rahai kalesaa ||

CLOSING DOHA 1

प्रेम प्रतीतिहिं कपि भजै, सदा धरैं उर ध्यान।
तेहि के कारज तुरत ही, सिद्ध करैं हनुमान॥

Prem prateetihin kapi bhajai, sada dharain ur dhyaan |
Tehi ke kaaraj turat hee, siddh karain Hanumaan ||